Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

No. F-(23)/EXAM-CONDUCT/2025-26/5.216/7000 – 7007 Dated: 04/06/2026

अति–आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा आदेश क्रमांक F-(23)/EXAM-CONDUCT/2025-26/5.222/1907-21 दिनांक 01.06.2026 के माध्यम से ऐसे पूर्व–विद्यार्थी जो निर्धारित/अनुज्ञात समय–अविध में बकाया पेपर होने के कारण अपनी डिग्री पूर्ण नही कर पाये उन्हें अपनी डिग्री पूर्ण करने के लिए एक अतिरिक्त सानुग्रह/मर्सी अवसर प्रदान किया गया है।

उक्त आदेशानुसार बी.टेक. 2006 से 2016, लीप 2007 से 2017, बीएचएमसीटी 2006 से 2016, बी.आर्क. 2006 से 2014, बीबीए 2013 से 2018, एमसीए 2006 से 2020, एमबीए 2006 से 2020, एम.टेक. व एम.आर्क. 2006 से 2020 में नामांकित विद्यार्थियों को अपने बकाया पेपर/प्रोजेक्ट/लघु शोध प्रबंध इत्यादि उत्तीर्ण कर डिग्री पूर्ण करने का मर्सी अवसर प्रदान किया गया है। यह सानुग्रह/मर्सी अवसर (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्धति) परीक्षा 2025–26 के रूप में पृथक से माह अगस्त 2026 के द्वितीय सप्ताह से आयोजित करवायी जानी प्रस्तावित है।

मर्सी अवसर की परीक्षा के ऑनलाईन (मय मिडटर्म/सत्रांक सुधार) परीक्षा फार्म दिनांक **05.06.2026 से 31.07.2026** तक भरवाये जा रहे है। सम्बन्धित पूर्व–विद्यार्थी अपने महाविद्यालय के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करवाकर नियत अवधि में ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध B.Tech, B.Arch, BHMCT, BBA, MCA, MBA, M.Tech. एवं M.Arch. पाठ्यक्रमों के ऐसे महाविद्यालय जो गत वर्षों में पूर्ण रूप से बन्द हो चुके हैं व उनमें वर्तमान में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं हैं, ऐसे महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं कि वे अपनी सम्बन्धित सानुग्रह/मर्सी अवसर परीक्षा (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्धति परीक्षा 2025–26) का ऑन–लाईन परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के निम्नांकित नोडल केन्द्र पर नियत अवधि में परीक्षा शुल्क के साथ भरना सुनिश्चित करें :–

महाविद्यालय/नोडल केन्द्र का नाम	पाठयक्रम/परीक्षा
कम्प्युकॉम इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट, एस.पी.–05, 5ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर (सम्पर्क नंबर 9828606123)	समस्त पाठ्यक्रम

सम्बधित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय पर उपस्थित होकर व बन्द हो चुके महाविद्यालयों की दशा में उक्त नोडल केन्द्र पर नियत तिथि के भीतर तक कार्यालय समय के दौरान अपना परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें। महाविद्यालय अन्तिम तिथि को परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया को अपने पोर्टल से पूर्ण करने हेतु 1 दिवस पूर्व परीक्षा आवेदन स्वीकार बंद कर सकता है। अतः पूर्व–विद्यार्थी अन्तिम तिथि का इंतजार किये बिना समय–सीमा के भीतर महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

इस सम्बन्ध में समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वे सानुग्रह/मर्सी अवसर परीक्षा 2026 के योग्य समस्त छात्रों को सूचित कर उनके सैद्धान्तिक एवं मिडटर्म/सत्रांक सुधार (यदि किसी छात्र के मिडटर्म/सत्रांक में पूर्व के प्राप्तांक कम है तो ऐसे छात्र मिडटर्म/सत्रांक में आवश्यक रूप से improvement का परीक्षा फार्म भरकर उसकी परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करे) तथा साथ ही ऐसे पूर्व–विद्यार्थी जो विश्वविद्यालय परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग (unfair means-UFM) के परिणाम स्वरूप पूर्व में दण्डित किये गये है, वे (पूर्व–विद्यार्थी) भी अपने महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर निरस्त हुये पेपरों का ऑनलाईन परीक्षा फार्म नियत अवधि में निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करवाकर भरना सुनिश्चित करें। यदि इस मर्सी परीक्षा 2026 के योग्य छात्र परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसके लिये सम्बन्धित महाविद्यालय/विद्यार्थी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

विश्वविद्यालय पूर्व–विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने पाठ्यक्रम की समस्त अंकतालिकाओं का गहनता से अवलोकन/जांच कर यह सुनिश्चित कर लें कि उनमें किसी पेपर के आन्तरिक, बाह्य मूल्यांकन, प्रायोगिक, सत्रांक इत्यादि समस्त कम्पोनेंट में कोई बकाया/अनुत्तीर्ण/स्टार तो अंकित नही है। यदि इस तरह का कोई प्रकरण पाया/ज्ञात होता है तो उसका परीक्षा फार्म आवश्यक रूप से भरकर नियमानुसार मर्सी परीक्षा देकर उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rtu.ac.in तथा https://rtu.sumsraj.com/ के सतत सम्पर्क मे रहें।

(प्रो. विवेक पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2. डीन, फेकल्टी अफेयर्स, आरटीयू
3. निदेशक/प्राचार्य, कम्प्युकॉम इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट एस.पी.–05, 5ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर **(नोडल केन्द्र)**
4. निदेशक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
5. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
6. वेब मास्टर, आरटीयू
7. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू
8. सम्बन्धित पूर्व–विद्यार्थी

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)